न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी, जिला जोधपुर

खींवराज बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी

राजस्व विविध प्रार्थना संख्या :125/2026

अन्तर्गत धारा :– 131 व 136 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1956

तारिख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03-06-26	प्रार्थी खींवराज पुत्र बाबुलाल जाति प्रजापत निवासी झालामण्ड, जोधपुर द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर ग्राम कांकाणी तहसील लूणी के खसरा संख्या 330/6 में 11 बीघा 03 बिस्वा 5 बिस्वांशी भूमि के का नक्शा शुद्धिकरण किये जाने का निवेदन किया है। तहसीलदार लूणी के पत्र क्रमांक भू.अ./2026/1614 दिनांक 04.05.2026 के द्वारा प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में जांच रिपोर्ट पेश की गई। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार लूणी की जांच रिपोर्ट के अनुसार खसरा नंबर 330/6 का रकबा रैकर्ड के अनुसार 1.8069 हैक्टेयर है परन्तु रकबा बराबरी करने पर मौके पर 1.731 हैक्टेयर पाया गया। खसरा नंबर 1186/330 का रकबा रैकर्ड में 1.4832 है परन्तु मौके पर 1.5700 हैक्टेयर पाया गया। तहलसीदार लूणी अपनी रिपोर्ट में अंकित नजरी नक्शा अनुसार शुद्ध करने की अनुशंषा की है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी की कृषि भूमि ग्राम कांकाणी तहसील लूणी के खसरा संख्या 330/6 में 11 बीघा 03 बिस्वा 5 बिस्वांशी भूमि का रकबा मौके पर कम पाया गया। पटवारी हल्का की रिपोर्ट में भी बताया गया कि उक्त खसरों का रकबा मौके पर कम पाया गया। वर्तमान भूनक्शा पोर्टल पर दर्ज तरमीम खसरे का रकबा जमाबंदी अनुसार न होकर गलत या कम रकबा की तरमीम की गई है जिसे शुद्ध किया जाना अपेक्षित बताया है। अतः प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट अनुसार राजस्व रेकर्ड में तरमीम दुरूस्त करने की अनुशंषा किये जाने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार लूणी को आदेशित किया जाता है ग्राम कांकाणी तहसील लूणी के खसरा संख्या 330/6 भूमि का नक्शा शुद्धिकरण राजस्व रेकर्ड में तहसीलदार रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शा एवं मौका फर्द दिनांक 01.05.2026 के अनुसार शुद्ध किया जाकर रेकर्ड दुरस्ती का अमल दरामद करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। हंसमुख कुमार आर. ए. एस. सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	